# फॉरेस्ट एनओसी से सुरक्षित होंगी वन सीमाएं

- अवैध निर्माण, कॉलोनियों और खनन पर लगेगी प्रभावी रोक

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. वन सीमाओं की सुरक्षा और उनसे सटे क्षेत्रों में अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए इंदौर वन मंडल ने फॉरेस्ट एनओसी व्यवस्था को और सख्त कर दिया है. महू रेंज और आसपास के इलाकों में वन सीमा से लगे क्षेत्रों में चल रही निर्माण गतिविधियों की जांच के लिए विशेष दल बनाकर मौके पर निरीक्षण शुरू कर दिया गया है.**

इंदौर वन मंडल के डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि फॉरेस्ट एनओसी किसी तरह की बाधा नहीं, बल्कि नागरिकों, निवेशकों और संस्थानों के लिए सुरक्षा कवच है. इससे जमीन और निर्माण को लेकर भविष्य में होने वाले कानूनी विवादों से बचाव होता है और वन सीमाओं को अतिक्रमण से सुरक्षित रखा जा सकता है. उन्होंने कहा कि एनओसी से लोगों को यह भरोसा मिलता है कि उनकी जमीन और निर्माण पूरी तरह वैध हैं. वन सीमा से लगे राजस्व क्षेत्रों में भूमि की खरीद-फरोख्त, मकान नक्शा स्वीकृति, कॉलोनी विकास, फार्म हाउस निर्माण, खनन गतिविधियां और लेआउट पास कराने के लिए फॉरेस्ट एनओसी को अनिवार्य किया है. बिना एनओसी किए गए निर्माण भविष्य में अवैध घोषित हो सकते हैं और इससे बड़ा आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है.

### राजस्व विभाग के साथ समन्वय पर जोर

उन्होंने बताया कि महू और इंदौर क्षेत्र से लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें अधिकांश मामले वनाधिकार, भूमि विवाद और वन भूमि से लगी राजस्व जमीन पर अवैध निर्माण से जुड़े हैं. शिकायतों में बिना अनुमति कॉलोनियां, फार्म हाउस, खनन और अन्य गतिविधियों का उल्लेख है. इस पर उप वन मंडलाधिकारी महू को निरीक्षण दल बनाकर जांच और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं. अभियान में राजस्व विभाग के साथ समन्वय पर विशेष जोर दिया है, ताकि सीमांकन और भूमि अभिलेखों की स्थिति स्पष्ट हो सके. वन विभाग की मानचित्रण शाखा जीआईएस मैपिंग से तकनीकी सहयोग दे रही है. सेना और कैंटोनमेंट प्रशासन से भी उन क्षेत्रों में समन्वय किया जा रहा है, जहां फील्ड फायरिंग रेंज वन भूमि के आसपास है.

### फॉरेस्ट एनओसी की ऑनलाइन व्यवस्था को किया सरल

डीएफओ ने स्पष्ट किया कि विभाग का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि रोकथाम और जागरूकता है. फॉरेस्ट एनओसी की ऑनलाइन व्यवस्था को सरल बनाया है. टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने भी लेआउट स्वीकृति में इसे अनिवार्य दस्तावेज कर दिया है. खनन और क्रशर इकाइयों के लिए भी एनओसी जरूरी है, क्योंकि वन सीमा से 250 मीटर के भीतर किसी भी तरह की गतिविधि वन अपराध की श्रेणी में आती है.

# बीच सड़क शराब पीने से रोकने पर ट्रैफिक आरक्षक पर हमला

- सिर में पत्थर लगने से जवान हुआ घायल

इंदौर. कनाडिया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना बायपास ब्रिज के पास देर रात ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर अज्ञात बदमाशों ने हमला किया और सिर में पत्थर मारकर फरार हो गए.

स्कीम नंबर 136 में रहने वाले आरक्षक अनुराग शर्मा शहर में क्रिकेट मैच के बाद यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे, इसी दौरान उन्होंने देखा कि बायपास पर खड़ी आइशर गाड़ी में दो लोग सार्वजनिक रूप से शराब पी रहे थे. आरक्षक ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो दोनों बदमाश उलझ गए और गाड़ी मालिक को बुला लिया. आरोपी ने आरक्षक के साथ गाली गलौज और हाथापाई की. ज्यों ही आरक्षक ने वायरलेस से मदद बुलाने की कोशिश की, आरोपियों ने



जोरदार धक्का दिया और पीछे से पत्थर फेंक कर उनके सिर में मार दिया. आरक्षक अनुराग लहूलुहान हो गए और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बतायाकि आरक्षक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# प्लेटफॉर्म से पिट्ठू बैग चुराने वाला धराया

## डेढ़ लाख से ज्यादा का माल बरामद

**इंदौर. रेलवे स्टेशन पर यात्री का पिट्ठू बैग चोरी करने वाले आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है. आरोपी के कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल सहित डेढ़ लाख रुपए से अधिक का मशरूका बरामद किया है.**

एसपी रेल पदमविलोचन शुक्ला ने बताया कि फरियादी कटनी जिले के रहने वाले 21 वर्षीय योगेन्द्र सिंह नर्मदा एक्सप्रेस से कटनी से इंदौर पहुंचा था. यहां पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर 5/6 पर उतरने के बाद वह पानी पीने के लिए था. इस दौरान उसने अपना पिट्ठू बैग बेंच पर रखा था. लौटने पर बैग गायब मिला, जिसमें लेनोवो कंपनी का लैपटॉप, वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड और नकद राशि रखी हुई थी. पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

> जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही दीपक खेलवाल पिता विजय सिंह खेलवाल, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम नागली, थाना इच्छावर, जिला सीहोर इंदौर को हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल कर ली. उसकी निशानदेही पर चोरी गया पिट्ठू बैग बरामद किया, जिसमें वीवो कंपनी का मोबाइल फोन और लेनोवो कंपनी का लैपटॉप शामिल है. बरामद माल की कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार 500 रुपए बताई जा रही है.

# अब आवश्यक रूप से सभी थानों का होगा मासिक मूल्यांकन

- आगे बढ़ेगी प्रिवेंटिव पुलिसिंग, आमजन को मिलेगा बेहतर सुरक्षा कवच
- शहर पुलिसिंग में किया गया बड़ा बदलाव



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस आयुक्त ने नगर के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों की बैठक बुलाई. बैठक का मुख्य उद्देश्य थानों के कामकाज का मूल्यांकन करना, पुलिसिंग में कसावट लाना और आमजन को बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना था. इसके तहत अब प्रत्येक माह थानों का प्रदर्शन आंका जाएगा, इसमें अच्छे कार्यों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, वहीं कमजोर प्रदर्शन पर सख्त कार्रवाई भी होगी.

बैठक में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि थानों में बल की नियमित उपस्थिति और कार्यों की समीक्षा की जाए. ड्यूटी और प्रिवेंटिव ऑफिसर, बीट/माइक्रो बीट और एफआरवी के पुलिस बल की सक्रियता सुनिश्चित की जाएगी. वहीं थानों में संसाधन उपलब्ध और सही स्थिति में रहें, वहीं पीड़ितों व उनके साथ आने वालों के साथ सौम्य व्यवहार किया जाए. किसी भी शिकायत या अपराध की कार्रवाई तुरंत और पूरी ईमानदारी से की जानी चाहिए. बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, गंभीर प्रकरणों का निराकरण, न्यायालयीन मॉनिटरिंग, पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन, ई एफआईआर और सीसीटीएनएस की बेहतर कार्रवाई, सामुदायिक पुलिसिंग और अभियानों व पेट्रोलिंग की प्रभावशीलता को विशेष महत्व दिया जाए.

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आरके सिंह सहित सभी एसीपी, एडीशनल एसीपी, सहायक पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारी बैठक में उपस्थित रहे. इस दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि हमें रिएक्टिव नहीं, प्रिवेंटिव पुलिसिंग करनी है. बैठक में उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए सभी को एक टीम की तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किया.

## एक नजर में

### डॉ. अनुपम श्रीवास्तव को विद्वत सेवा सम्मान से नवाजा



**महू.** शहर के वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अनुपम श्रीवास्तव का होम्योपैथी के साथ अन्य वैकल्पिक चिकित्सा सेवाओं के प्रचार-प्रसार एवं उनकी सेवाओं के लिए अभिनव कला समाज हॉल इंदौर में सम्मान किया गया. ये सम्मान डॉ. मनीषा चेलावत की संस्था श्री मातृत्व वैकल्पिक चिकित्सा द्वारा विद्वत सम्मान समारोह के तहत, सारा म्यूजिकल ग्रुप महू की आयोजक श्रीमती चंदा कुंडलवाल द्वारा आयोजित ओपी नैयर संगीत निशा में किया गया. उनका ये सम्मान आशीर्वाद दाता महामंडलेश्वर डॉ. राजकुमार अग्रवाल (ज्योतिषाचार्य), मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल (एडवोकेट) एवं विशेष अतिथि डॉ. पंकज विरमाल, सत्येंन वर्मा सत्येंन, जानकी लाली पटेरिया, सुभाष खरबड़ीकर, सीताराम लुहारिया की मौजूदगी में किया गया. यह जानकारी मीडिया प्रभारी कृष्ण भालसे ने दी. डॉ अनुपम होम्योपैथी क्षेत्र में एकमात्र पीएचडी चिकित्सक हैं, जो मनोरोग के साथ जटिल रोगों के लिए शहर में उच्चतम उपचार न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध करवा कर शहर को लाभान्वित कर रहे हैं. साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं. वैकल्पिक चिकित्सा में योग विशारद एवं रेकी मास्टर डॉ. अनुपम रेकी, एक्यूप्रेशर, प्राणिक चिकित्सा, चिकित्सा आधारित ध्यान, मसाज, प्राकृतिक चिकित्सा, योगा एवं वास्तु चिकित्सा में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं.

### ओपी नैयर संगीत निशा में कलाकारों ने समां बांधा



**महू.** सारा म्यूजिकल ग्रुप महू की आयोजक श्रीमती चंदा कुंडलवाल द्वारा आयोजित ओपी नैयर संगीत निशा आशीर्वाद दाता महामंडलेश्वर डॉ. राजकुमार अग्रवाल (ज्योतिषाचार्य), मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं समाजसेवी दिलीप राजपाल (एडवोकेट) एवं विशेष अतिथि डॉ. पंकज विरमाल, सत्येंन वर्मा सत्येंन, जानकी लाली पटेरिया, सुभाष खरबड़ीकर, सीताराम लुहारिया थे. यह जानकारी मीडिया प्रभारी कृष्ण भालसे ने दी. उन्होंने बताया कि ग्रुप के कलाकारों ने इस संगीत निशा में प्रख्यात संगीतकार ओपी नैयर के गीतों की शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया. कालाकारों की शानदार प्रस्तुतियों को उपस्थित श्रोताओं ने जमकर सराहा.

### बालाजी स्ट्राइकर, मालवा यूनाइटेड व आदिवासी यूनाइटेड जीते



**महू.** राधे श्याम स्मृति जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन तीन शानदार मैच खेले गए. पहले मैच में बालाजी स्ट्राइकर ने वायएसडीए को, दूसरे मैच में मालवा यूनाइटेड ने जौहर आदिवासी क्लब इंदौर को तथा तीसरे मैच में आदिवासी यूनाइटेड इंदौर ने चिराग यूनाइटेड महू को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया. स्पर्धा के आयोजक युवा मंच धार नाका के संरक्षक रामकिशोर शुक्ला ने बताया कि मैच के अतिथि उद्योगपति धक बहादुर राणा, पूर्व सैनिक रितेश संकत, प्रवीण स्वामी, अरुण यादव, गुलाब राजोरा, तपन सिंहल थे. स्वागत रामकिशोर शुक्ला, महेश प्रजापति, डॉ. राम आशीष शुक्ला, जय बहादुर, मनोज यादव, शशि शेखर बानवी, महेश पाल, चंपालाल प्रजापति, बिट्टू यादव, राजेश रियार, सत्तार भाई, आनंद जोगी, त्रिलोक यादव, विनय दुबे आदि ने किया. इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के चेयरमैन जगदीश चंद्र खोड़े, अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, अमित शुक्ला, नीरज शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे. मैच कमिश्नर प्रवीण कांबले थे. निर्णायक शिवम नंदराज, आकाश पिल्ले, बच्चन मावी, गोलू वसुनिया, रवि परमार, राकेश चौहान, असरफ गुड्डू भाई थे. संचालन शशि शेखर बानवी ने किया. आभार विश्वास दुबे ने माना.

# हाई कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए निर्वाचन समिति ने सोमवार को प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी. चुनाव 28 जनवरी को होने हैं. इस दिन एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कार्यकारी सदस्य के पदों के लिए मतदान होगा.**

अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में हैं, इनमें गौरव श्रीवास्तव, गोविंदपाल सिंह सोनगारा, मनीष जैन, मनीष यादव और पवन जोशी शामिल हैं. वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भी पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. यह हैं अभिषेक तुगनावत, अपूर्वा शुक्ला, भावना साहू, धर्मेंद्र साहू और मधुसूदन यादव. जबकि सचिव पद के लिए गोविंद राय पुरोहित, मनीष गड़कर और निलेश मानोरे प्रत्याशी हैं. वहीं संयुक्त सचिव पद के लिए अमित राज और ज्ञानेंद्र शर्मा के नाम घोषित किए गए हैं. कार्यकारी सदस्य पद के लिए आठ नाम अंतिम सूची में शामिल हैं. इसमें अमन मालवीय, अर्निक जैन, बलकृष्ण रॉयल, राहुल पांजल, रश्मेंद्र सूर्यवंशी, शेखर यादव, तेजस जैन और उत्कर्ष देसाई शामिल हैं. निर्वाचन समिति के अनुसार प्रत्याशियों की यह अंतिम सूची निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार तैयार की गई है और अब किसी भी बदलाव की संभावना नहीं है. एसोसिएशन के सदस्य वकील अपने मताधिकार का प्रयोग करके अध्यक्ष और अन्य पदों के लिए अपनी पसंद का उम्मीदवार चुन सकेंगे.

# ई-रिक्शा में बैठी बुजुर्ग महिला से सोने की चूड़ियां ठगी

- 10 रुपए में चोइथराम तक छोड़ने का दिया था झांसा
- संजय सेतु के सामने हुई वारदात



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** चोइथराम क्षेत्र में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला के साथ ठगी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. रानीपुरा से चोइथराम छोड़ने का झांसा देकर ई रिक्शा में बैठाने के बाद आरोपियों ने रास्ते में महिला को बातों में उलझाया और उसकी सोने की चूड़ियां उतार लीं. वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई.

पीड़िता 65 वर्षीय साधना, निवासी चोइथराम ने पुलिस को बताया कि वह रानीपुरा प्लास्टिक की ट्रे खरीदने गई थी. वापस लौटते समय वह ई रिक्शा का इंतजार कर रही थी, तभी एक ई रिक्शा चालक वहां आया और 10 रुपए में चोइथराम छोड़ने की बात कही थी, महिला ने पुलिस को बताया कि ई रिक्शा में पहले से एक युवक आगे बैठा हुआ था. कुछ दूरी तय करने के बाद जब ई रिक्शा संजय सेतु पर पहुंचा और वहां पुलिसकर्मियों को खड़ा देखा, तो चालक ने आगे बैठे युवक से पीछे आकर बैठने को कहा. इसके बाद युवक बुजुर्ग महिला के पास सटकर बैठ गया.

कुछ देर बाद चालक ने महिला से कहा कि वह पांच मिनट में लौट रहा है और किसी काम के बहाने उसे रास्ते में उतार दिया. इसके बाद वह ई रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया. थोड़ी देर बाद जब महिला ने अपने हाथों की ओर देखा, तो सोने की दोनों चूड़ियां गायब थीं. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पीसीआर वैन पहुंची और महिला को रावजी बाजार थाने ले जाया गया. पीड़िता ने बताया कि ई रिक्शा में चार युवक और एक युवती सवार थे. फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है. ई-रिक्शा और उसमें सवार आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है.

# कलयुगी बेटे ने पिता को पीट-पीटकर मार डाला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के स्कीम 78 में रिश्तों को शर्मसार करने वाली सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक बेटे ने मामूली विवाद के बाद अपने ही पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी. गंभीर चोटों के चलते पिता ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया.**

मृतक की पहचान 45 वर्षीय संजय, पिता जगन्नाथ, निवासी स्कीम 78 के रूप में हुई है. घटना 13 जनवरी की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, घर से लोहे के सरिए चोरी होने पर संजय ने अपने बेटे राहुल से विरोध किया. तैश में आकर राहुल ने पिता पर हमला कर उनकी बुरी तरह पिटाई कर दी थी.

पिटाई से संजय को गंभीर आंतरिक चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था. कुछ दिनों तक उनकी हालत नाजुक बनी रही, लेकिन देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. एसीपी पराग सैनी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है.

### सब्जी ठेला विवाद में चाकूबाजी, युवक घायल

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में सब्जी ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद में पिता पुत्र ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया. घटना मालवा मिल स्थित एमएल टॉवर के पास की है, जहां घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि शिवाजी नगर में रहने वाला 20 वर्षीय लक्की ठेला लगा रहा था, तभी हेमंत तोमर और उसका बेटा देवांश तोमर वहां पहुंचे और आपत्ति जताने लगे. आरोप है कि गालियां देने से मना करने पर पहले थप्पड़ों से मारपीट की गई, फिर देवांश ने चाकू से लक्की की कमर पर वार कर दिया. शोर मचने पर दोनों आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए. परदेशीपुरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है.

# खजराना ब्रिज पर लूट की कोशिश नाकामयाब, युवक घायल

**इंदौर. पलासिया थाना क्षेत्र में खजराना ब्रिज के पास देर रात तीन बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल लूटने की कोशिश की. विरोध करने पर बदमाशों ने नुकीली वस्तु से हमला कर युवक को घायल कर दिया और फरार हो गए.**

थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि स्कीम नंबर 134 स्थित आईडिया मल्टी निवासी 38 वर्षीय प्रमोद कुमार शाक्य रात करीब 2.45 बजे रिंग रोड से गुजर रहे थे. इसी दौरान पीछे से आए तीन युवकों ने उनकी बाइक के सामने अपनी मोटरसाइकिल अड़ा दी और मोबाइल देने की मांग की. 112 पर कॉल करने की बात कहकर प्रमोद ने बाइक आगे बढ़ाई तो पीछे बैठे आरोपी ने उनकी पीठ के बाएं हिस्से पर नुकीली चीज से वार कर दिया, जिससे खून बहने लगा. घायल अवस्था में प्रमोद ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया. पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश शुरू कर दी है.

### निरंजनपुर सब्जी मंडी में जेब कटी, आईफोन 14 प्रो चोरी

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र की निरंजनपुर सब्जी मंडी में भीड़ का फायदा उठाकर जेबतराश ने एक व्यक्ति का महंगा मोबाइल चोरी कर लिया. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि पिपलिया कुमार स्थित स्पेश पार्क फेस 1 में रहने वाले 47 वर्षीय जितेंद्र गौड़ सुबह करीब 8.30 बजे सब्जी खरीदने मंडी पहुंचे थे. उनका आईफोन 14 प्रो (गोल्ड, 128 जीबी) पैंट की पीछे की जेब में रखा था, जो सब्जी लेने के बाद गायब मिला. आसपास तलाश करने पर भी मोबाइल का कोई सुराग नहीं लगा. शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है.

**एक नजर में** — स्मार्ट सिटी : रहवासियों द्वारा नगर निगम को शिकायतें किए जाने के बाद भी कई क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही

# कई वार्डों और कॉलोनियों में अभी भी पक्की सड़कों का अभाव

**इंदौर.** शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर के कुछ चुनिंदा हिस्सों का तेजी से कायाकल्प हुआ है, लेकिन जमीनी हकीकत यह भी है कि कई वार्डों और कॉलोनियों में अभी भी पक्की सड़कों का अभाव है. शहर के बाहरी क्षेत्रों, जैसे कि भागीरथपुरा (कचरा और संकरी गलियां) और अन्य आवासीय पॉकेट्स में सड़कें टूटी-फूटी हैं. रहवासियों द्वारा नगर निगम को शिकायतें किए जाने के बाद भी, कई क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही है, जिससे उन्हें गंदे पानी, गड्ढे और धूल-भरी सड़कों से गुजरना पड़ रहा है.

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत एरिया-बेस्ड डेवलपमेंट (एबीडी) क्षेत्र (जैसे राजवाड़ा, एमजी रोड) का विकास हुआ है, लेकिन शहर के 85 वार्डों में से कई वार्डों की कॉलोनियां आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं. हालांकि, इंदौर प्रशासन मास्टर प्लान की अधूरी सड़कों का निर्माण कर रहा है और 2026 तक प्रमुख मार्गों को चौड़ा करने का काम चल रहा है, लेकिन रहवासी इलाकों की सड़कें अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं. सडक को लेकर शहर के वार्ड क्रमांक 5 में भी गंभीर समस्या सामने आई है.

वार्ड के चंदर नगर के ई-सेक्टर में कई वर्षों बाद कुछ सड़कों का निर्माण तो किया गया, लेकिन आज भी क्षेत्र की कई गलियां ऐसी है, जहां अभी तक पक्की सडक निर्माण पर विचार नहीं हो रहा है. क्षेत्र की गलियों में देखने में आया कि जगह-जगह बड़े-छोटे गड्ढे मौजूद हैं, जो यहां आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं का बड़ा कारण हैं. हर तरफ फैला मल्बा वाहन चलाने में दुश्वारिया पैदा करता है, इसके चलते क्षेत्रवासी कई तरह की मुसीबतों का सामना करते आ रहे हैं. रहवासियों के अनुसार यह समस्या आज की नहीं, बल्कि जब से कॉलोनी बसी है तभी से मौजूद है. आज तक क्षेत्र के लिए पक्की सडक निर्माण पर सिर्फ बात ही सुनी गई, लेकिन सडकें आज तक नहीं बन सकीं.

### इस वर्ष कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहेगी



क्षेत्र में नई सीवरेज और नर्मदा लाइन का डालने का कार्य चल रहा था. इस वर्ष पूरे क्षेत्र में एक भी सडक कच्ची नहीं रहेगी, जो बची हैं, उनकी फाइल पास हो चुकी है.

– निरंजन सिंह चौहान, पार्षद

### यह बोले रहवासी...



इस उबड़-खाबड़ सडक पर वाहन चालक खासकर बारिश के दिनों में गिरते ही रहते हैं. इसमें लोगों को गंभीर चोटें भी आती हैं, अगर यहां पक्की सडक बना दी जाए तो समस्या ही खत्म हो जाए.

– याकूब खान



सीवरेज लाईन के लिए पूरा मार्ग खोद दिया गया है. इससे मुसीबत और बढ़ गई है. सडक पर जगह-जगह हुए गड्ढों के कारण नलों में सीवरेज का गंदा पानी आने लगा है. यहां न तो सडक बन रही है और न ही सीवरेज लाइन ही दुरुस्त की जा रही है.

– रिजवान मंसूरी



बरसात में कीचड़ तो कई महीनो सूखता ही नहीं है. पक्की सडक नहीं होने से बारिश के पानी की निकासी भी नहीं हो पाती है, जिससे क्षेत्र में जल जमाव बना रहता है, जो लोगों की मुसीबत बना हुआ है.

– मोहम्मद शेहजाद